Title: Steep hike in cable tariff in the country.

श्री किरीट सोमैया (मुम्बई उत्तर पूर्व) : माननीय अध्यक्ष महोदय, जनवरी और फरवरी महीने में मुंबई, पुणे, दिल्ली, राजकोट और पूरे देशभर में केबल आपरेटर्स ने पर-हाउस सौ रुपया प्राइस हाइक किया है। मैं आपके क्षेत्र में गया था, आपकी अनुमति लिए बगैर, वहां के ग्राहक संगठन कंज्यूमर आर्गनाइजेशन ने खुद ही एक एक्शन कमेटी बनाई। जब उन्होंने प्रोटेस्ट किया तो वहां के केबल आपरेटर्स, एमएसओ और पे चैनल, इन तीनों ने मिलीभगत करके लगभग मुंबई में 50,000 लोगों के केबल कनेक्शन इल्लिगल काट दिए। मुंबई की पुलिल, वहां के कलेक्टर और एक्साइज़ डिपार्टमेंट के अधिकारियों ने अभी तक कोई एक्शन नहीं लिया है। कंज्यूमर्स का प्रोटेक्शन होना चाहिए।

महोदय, मैं यहां यह प्रश्न उपस्थित करना चाहता हूं कि मुंबई में 20 लाख केबल ग्राहक हैं, उनमें से 20 लाख लोग 30 रुपए सर्विस एवं एंटरटेनमेंट टैक्स महीने का इकट्ठा करते हैं, लेकिन खाली चार लाख लोगों का भरते हैं। मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से प्रार्थना करना चाहूंगा कि ग्राहकों की रक्षा होनी चाहिए और इन लोगों को जो केबल कनैक्शन दिए गए हैं उन्हें वापस मिलने चाहिए। सरकार को इस संबंध में दखल देना चाहिए।â€¦ (व्यवधान)

श्री तरित बरण तोपदार (बैरकपुर) : यह मामला जटिल है। चैनल वाले जो माफियागिरी कर रहे हैं, इसके बारे में ज्यादा से ज्यादा ध्यान देकर कोई रास्ता निकालना चाहिए।